हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

22 जून 2025, समय 1305

हरियाणा के विभिन्न जिला मुख्यालयों , खंडों और गांवों में कल 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। करनाल में इस अवसर पर बुज़ुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने योग की अनेक क्रियाओं का अभ्यास किया। उन्होंने जोश और उत्साह के साथ योग क्रियाएं करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सार्थक किया। कार्यक्रम में करनाल से विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और आम जनता के साथ योग साधना की। रोहतक में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राजीव गांधी खेल परिसर में किया गया, जिसमें सहकारिता एवं जेल मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों, विभिन्न संगठनों, सरकारी विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों ने योग क्रियाएं की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम का वीडियो संदेश भी सुनाया गया। पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य और दिव्य तरीके से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में कृषि मंत्री ने लोग से कहा कि वो योग को जीवन का हिस्सा बनाकर राष्ट्र निर्माण व प्रगति में योगदान करें। पंचकूला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय समारोह में राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में जाने माने संगीतकार सुभाष घोष ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम स्थल को गुंजायमान किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने , प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों और विभिन्न योग संस्थाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर योग के क्षेत्र में योगदान देने वाले योग शिक्षकों को सम्मानित किया गया। भिवानी में भीम स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुई। उन्होंने इस मौके पर कहा कि योग को जन आंदोलन बनाया जा रहा है। पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र

बोस स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि शिरकत की। खेल मंत्री गौरव गौतम ने प्रोटोकॉल के अनुसार योग किया और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। जींद में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आज एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम के साथ विश्व भर में मनाया गया। हरियाणा सरकार ने थीम अनुसार इसे योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के लक्ष्य के साथ मनाया। फरीदाबाद में भी 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रशासनिक, सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा भव्य योग सत्रों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अन्य अधिकारियों और नागरिकों के साथ योगाभ्यास किया।

*************************************************************************

पंचकूला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम, "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" को सभी कार्यक्रम गतिविधियों में सहजता से शामिल किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की यूनिट ने चंडीगढ़ के बोगन विला पार्क में एक भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनिट कमांडर ललित पंवार ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। योग कार्यक्रम में सभी रैंकों और यूनिट के सदस्यों ने भाग लिया।

*************************************************************************

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू के तत्वावधान में चंडीगढ़ स्थित पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के परिसर में कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के न्यायाधीशों, सदस्यों, उच्च न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया तथा उत्साहपूर्वक योगासन एवं ध्यान किया।

*************************************************************************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल फरीदाबाद में अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2015 में जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव को अपनाया, तब से प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ, मैसूर, न्यूयॉर्क (संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय) और श्रीनगर सहित विभिन्न स्थानों से समारोहों का नेतृत्व किया है।

*************************************************************************